**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–06.04.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने चुनाव प्रबंधन से जुड़े सभी पदाधिकारियों को 15 अप्रैल तक तैयारी पूरी करते हुए रिपोर्ट भेजने के दिए आदेश।**
2. **भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, लोकसभा का यह चुनाव केवल सरकार गठन का चुनाव नहीं बल्कि विकसित भारत का है चुनाव।**
3. **भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई ने सभी 14 सीटों पर किया जीत का दावा, जेएमएम नेत्री कल्पना सोरेन ने केंद्र पर लगाया झारखंड से सौतेले व्यवहार करने का आरोप।**
4. **सीबीआई ने झारखंड समेत पूरे भारत में शिशुओं की तस्करी के नेटवर्क का किया भंडाफोड़, साढ़े पांच लाख रुपये के साथ सात आरोपी गिरफ्तार।**

**और**

5. **खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट हंट के तहत रांची में कल से शुरू होगा चयन शिविर; एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी और तीरंदाजी के खिलाड़ी होंगे शामिल।**

**और अब समाचार विस्तार से।**

******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने चुनाव प्रबंधन से जुड़े सभी पदाधिकारियों को 15 अप्रैल तक अपनी तैयारियों को पूरा करते हुए रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। श्री कुमार ने पदाधिकारियों को पूरी गंभीरता के साथ निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूरा करने और लापरवाही नहीं बरतने के आदेश दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आज धनबाद, बोकारो, गिरीडीह और देवघर जिलों में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सघन छापेमारी करते हुए फरार कुख्यात अपराधियों को पकड़ने के निर्देश दिए।

******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा का यह चुनाव केवल सरकार गठन का चुनाव नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत का चुनाव है। श्री मोदी आज उत्तरप्रदेश के सहारनपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि इरादा सही है तो परिणाम भी सही होता है।

******************

वर्ष 2016 में हुए राज्यसभा चुनाव के दौरान हार्स ट्रेडिंग मामले में सीआईडी के पुलिस महानिदेशक और पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास के प्रेस सलाहकार रहे अजय कुमार पर अब मुकदमा नहीं चलेगा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अदालत ने इस मामले में दायर की गयी केस क्लोजर रिपोर्ट को आज स्वीकार कर लिया। इन दोनों पर निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद वर्ष 2018 में रांची के जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

******************

बोकारो जिले के पिंड्राजोरा स्थित मिर्धा चेक पोस्ट से पुलिस ने एक वाहन से एक लाख 70 हजार रुपये बरामद किए हैं। वहीं, पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित शाहपुर–गढ़वा मार्ग पर आज वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक गाड़ी से 15 लाख रूपए नगद बरामद किये हैं।

******************

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से रांची में कल पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा पूर्वाह्न साढ़े दस बजे से अपराह्न एक बजे तक नौ परीक्षा केन्द्रों पर होगी।

******************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई ने आज जमशेदपुर में एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर अपनी जीत का दावा किया है। इधर, रांची के सांसद संजय सेठ ने आज रांची का सर्वांगीण विकास नामक एक बुकलेट जारी किया। पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर आज रांची में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद ने रांची लोकसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी।

******************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। रांची के हरमू स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय में आज पहली बार पहुंची श्रीमती सोरेन ने कहा कि 21 अप्रैल को धुर्वा के शहीद मैदान में इंडी गठबंधन की महारैली होगी, जिसमें इस सौतेले व्वहार के बारे में आम जनता को बताया जाएगा।

******************

लातेहार जिले के परिवहन पदाधिकारी ने निजी वाहनों पर नेम प्लेट लगाए जाने पर कड़ी चेतावनी दी है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

**साउंड बाईट – संजय कुमार तिवारी, लातेहार – 49 सेकेंड**

******************

लोहरदगा स्थित एमएलए महिला कॉलेज में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में आज सेहत पर आधारित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि स्वस्थ समाज बनाने के लिए केवल सरकार नहीं बल्कि समुदाय और व्यक्तिगत प्रयास भी जरूरी है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार **एक्स** हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news **अंडर स्कोर**_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

केंद्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने झारखंड समेत पूरे भारत में शिशुओं की तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने दिल्ली और हरियाणा में सात स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान सिर्फ डेढ़ दिन और 15 दिन के दो बालक और एक महीने की बच्ची को बचाया गया। तलाशी के दौरान साढ़े पांच लाख रुपये नकद और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। सीबीआई ने सात आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

******************

रामगढ़ जिले की पुलिस ने वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में लगातार चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक बिमल कुमार ने आज एक प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

******************

साहेबगंज जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती ने आज परिवहन, खनन और निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में साफ–सफाई रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कर्मचारियों को आम जनता के कार्यों को समय से पूरा करने के आदेश दिए।

******************

खूँटी जिले की पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के तीन हार्डकोर उग्रवादियों को देशी कट्टा और  वसूली के रुपयों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक वरुण रजक ने आज बताया कि पुलिस ने इनके पास से नक्सली पर्चे, गोलियां, वसूली के रुपये और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इधर, रांची के तमाड़ से पुलिस ने दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है।

******************

रामगढ़ जिले के चुटूपालू घाटी में आज एक तेज रफ़्तार ट्रक के ब्रेक फेल हो जाने से हुई सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जिले के पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने बताया कि ट्रक रांची की ओर से आ रहा था और उसके सामने जो भी गाड़ियां आयीं, सभी को उसने अपनी चपेट में ले लिया।

******************

रांची के अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने आज दो लोगों की हत्या के एक मामले में खूंटी के तोरपा से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक पौलूस सुरीन और नक्सली कमांडर जेठा कच्छप को दोषी करार दिया है। अदालत सजा के बिंदुओं  पर 10 अप्रैल को सुनवाई करेगा।

******************

बोकारो स्टील प्लांट के मिक्स्ड गैस पाइप लाइन से नेप्था सल्फर गैस के रिसाव के कारण आज पाइप लाइन में आग लग गई। इस घटना में 21 कर्मचारी गैस की चपेट में आने से बेहोशी की स्थिति में आ गए। सभी को बोकारो जनरल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। अस्पताल के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सभी कर्मी खतरे से बाहर हैं।

******************

राजधानी रांची के मोरहाबादी सिथत बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन के लिए कल से खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट हंट का आयोजन किया जा रहा है। 10 अप्रैल तक चलनेवाले इस शिविर का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण–साई द्वारा किया जा रहा है।

******************

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में तेज धूप रहने की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, इस दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा लेकिन लू जैसी स्थिति बनी रहेगी। कल के बाद अगले तीन दिनों के दौरान बारिश और तेज हवाओं से तापमान में चार से पांच डिग्री की गिरावट आने की उम्मीद है।

*******समाप्त*******